# लोक शिक्षण संचालनालय,मध्यप्रदेश
गौतमनगर भोपाल–462021
दूरभाष : 91–755–2583650,फेक्सः 2583651,
ई–मेल dpividhya@gmail.com


क्रमांक / अकादमिक / अनुगूंज / 2022 / 2584 भोपाल,दिनांक 21 / 11 / 2022

प्रति

1.समस्त संभागीय संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण संभाग मध्यप्रदेश।

2.समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
मध्यप्रदेश।

विषयः–वर्ष 2022–23 में अनुगूंज कार्यक्रम के आयोजन हेतु दिशा–निर्देश ।

संदर्भः– मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग का पत्र कमांक / 1694 / 892618 / 2022 / 20–2 भोपाल दिनांक 16.11.2022

//

शैक्षणिक सत्र 2022–23 के राज्यस्तरीय / संभागस्तरीय "अनुगूंज" कार्यक्रम के आयोजन हेतु राज्यस्तरीय मुख्य कार्यक्रम समिति की बैठक दिनांक 11.11.2022 को प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में आयोजित की गई । मुख्य कार्यक्रम समिति के निर्णय अनुसार राज्यस्तरीय / संभागस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम के आयोजन के दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैः–

1. राज्यस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम दिनांक 4 दिसम्बर से 5 दिसम्बर 2022 के मध्य शासकीय उत्कृष्ट उमावि शिवाजी नगर भोपाल के प्रागंण में आयोजित होगा।
2. राज्यस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम दिनांक 4 दिसम्बर से 5 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होने के कारण प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं की दिनांक 1 दिसम्बर से 8 दिसम्बर 2022 तक आयोजित होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षायें अब दिनांक 12 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2022 के मध्य आयोजित होगी।
3. शासकीय विद्यालयों के ऐसे विद्यार्थी जो दिनांक 17.12.2022 को आयोजित राज्यस्तरीय बालरंग प्रतियोगिता 2022 एवं राष्ट्रीय बालरंग में सहभागिता करेगे ऐसे छात्र छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षायें आगामी दिनाकों को कराई जायेगी।
4. समस्त शासकीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षायें माह दिसम्बर 2022 में संपन्न होने के पश्चात प्रदेश के समस्त संभागीय मुख्यालयों पर संभागस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम आयोजित किये जाये।
5. संभागस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम आयोजन हेतु समस्त संभागीय संयुक्त संचालकों को राशि रूपये 10–10 लाख उपलब्ध कराये जाने हेतु आवंटन मान्यता निधि से जारी की जायेगी। इस हेतु समस्त संभागीय संयुक्त संचालक उनके बैंक खाता कमांक,आईएफएससी कोड,बैंक शाखा का नाम,खाता धारक का नाम इस कार्यालय के ईमेल पर शीघ्र उपलब्ध कराये।
6. राज्यस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग भोपाल होगें।
7. समस्त संभागीय अनुगूंज कार्यक्रम के आयोजन का पूर्ण दायित्व संबंधित संभागीय संयुक्त संचालक का होगा।
8. रिहर्सल स्थलों पर एक माह तक रिहर्सल हेतु उपस्थित होने वाले छात्र–छात्राओं की प्रतिदिन आवागमन व्यवस्था हेतु तथा प्रति छात्र स्वल्पाहार हेतु राशि रूपये 80 के मान से निर्धारित होगा तथा यह राशि विद्यालयों को प्रदान की जावेगी। इस हेतु संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा की गई मांग के अनुसार मान्यता निधि से राशि का प्रदाय किया जायेगा।
9. फ्युजन डांस के लिए मेंटर्स के द्वारा 200 विद्यार्थियों को रिहर्सल हेतु चयनित किया गया है,किसी भी इवेंट में 150–160 से अधिक छात्र–छात्राओं को सम्मिलित नहीं किया जाये।

10. राज्यस्तरीय अनुगूंज के मुख्य कार्यक्रम के पूर्व लगभग तीन दिवस छात्र–छात्राओं का रिहर्सल संयुक्त रूप से शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमावि शिवाजी नगर में होगा। रिहर्सल तथा इसके पश्चात मुख्य कार्यक्रम में सहभागी शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं के लिए स्वाल्पाहर, एवं भोजन की व्यवस्था मध्यप्रदेश पर्यटन निगम के पलाश रेंसीडेन्सी से की जायेगी।
11. दो दिवसीय मुख्य कार्यक्रम तथा रिहर्सल के समय भी मंच,टेंट,लाइट,साउंड सिस्टम, एवं आडियन्स के लिए बैठक व्यवस्था आदि संस्कृति विभाग के माध्यम से कराई जायेगी।
12. मुख्य कार्यक्रम के दिनांकों को विद्यालयों से कार्यक्रम स्थल से विद्यार्थियों को लाने तथा कार्यक्रम पश्चात उन्हे उनके घरो तक छोडने की व्यवस्था जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल द्वारा आरटीओ के माध्यम से वाहन प्राप्त कर आरटीओ की निर्धारित दरों पर की जावेगी।
13. अनुगूंज कार्यक्रम हेतु मेंटर्स को मानदेय,कास्ट्यूम,ज्वैलरी एवं मेकअप आदि प्रदाय की जाने वाली राशि के समानुपात में तथा कलाकार की ख्याति के आधार पर प्रदाय किया जाये।
14. राज्यस्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम में ग्वालियर संभाग से मेंटर श्री होजाई द्वारा मणिपुरी नृत्य,इंदौर संभाग से सुश्री सुमित्रा हरमलकर द्वारा कत्थक नृत्य तथा श्री लोकेन्द्र त्रिवेदी द्वारा उज्जैन संभाग से नाटक की प्रस्तुतियॉ दी जावेगी। मोहिनीअट्टम एवं भरतनाट्यम की प्रस्तुति हेतु श्रीमती कविता शाहजी, मणिपुरी नृत्य श्री होजाई एवं कथक में श्रीमती सुचित्रा, फ्यूजन डांस क्षमा मालवीय,श्री दबाडे,एवं श्वेता देवेन्द्रन, नाटक में श्री अभिषेक गर्ग,माइम के लिए श्री मनोज नायर,बैले श्री योगेन्द्र सिंह राजपूत,माटीकला श्रीमती शंपा शाह, चित्रकला श्रीमती भावना चौधरी, एवं फोटोग्राफी श्री हेमन्त जी को चयनित किया गया है।
15. इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय में लगने वाली प्रदर्शनी चित्रकला,माटीकला,एवं फोटोग्राफी हेतु बेहतर व्यवस्था कराई जाये, प्रदर्शनी स्थल पर प्रकाश व्यवस्था आदि का विशेष ध्यान रखा जाये।
16. राज्यस्तरीय / संभागस्तरीय अनुगूंज के कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय व्यवस्थायें स्थानीय प्रशासन के समन्वय से सुनिश्चित की जाये। चिकित्सीय व्यवस्था,साफ सफाई,पेयजल,वाहन पार्किंग,पुलिस व्यवस्था,आदि संबंधित विभागों के माध्यम से की जाये। राज्यस्तर पर यह दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल का एवं संभागस्तर पर संभागीय जिले के जिला शिक्षा अधिकारी का होगा।
17. राज्य तथा संभागीय स्तर के आयोजन हेतु मंच निर्माण की गुणवत्ता का प्रमाणीकरण लोक निर्माण विभाग ,विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता, का प्रमाणीकरण विद्युत यांत्रिकी शाखा विद्युत विभाग से प्राप्त करने का दायित्व संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग एवं संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी का होगा।
18. संभागस्तरीय आयोजन हेतु माननीय सांसद,प्रभारी मंत्री,माननीय विधायक,एवं अन्य स्थानीय गणमान्य नागरिकों को कार्यक्रम के शुभारंभ एवं समापन अवसर पर आमंत्रित किये जाने हेतु अनुरोध किया जाये।

राज्यस्तरीय / संभागस्तरीय अनुगूंज 2022 के कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपरोक्तानुसार कार्यवाहियॉ सुनिश्चित की जाये।

(अभय वर्मा)
आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.

पृ.क्र. क्रमांक / अकादमिक / अनुगूंज / 2022/2585
भोपाल,दिनांक 21/11/2022
प्रतिलिपिः–

प्रमुख सचिव,मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग,मंत्रालय,वल्लभ भवन भोपाल। की ओर संदर्भित पत्र क्रमांक / 1694 / 892618 / 2022 / 20–2 भोपाल दिनांक 16.11.2022 के संबंध में सूचनार्थ।

आयुक्त
लोक शिक्षण म.प्र.